**PRAJAPITA BRAHMA KUMARIS ISHWARIYA VISHWA VIDYALAYA**
"Rajyog Bhawan", Amrapali Marg, Vaishali Nagar, Jaipur-302021
Phone : 0141-2354557, Fax: 0141-2344502 E-mail: vaishalinagar.jpr@bkivv.org

दिनांक: 7 फरवरी, 2022

# प्रेस नोट

## "प्रशासन एवं शासन में आध्यात्मिकता" विषय पर वेबिनार का हुआ आयोजन

जयपुर: ब्रह्माकुमरीज़ माउंट आबू द्वारा प्रायोजित **"आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर"** अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के प्रशासनिक सेवा विभाग एवं वैशाली नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र के द्वारा रविवार 6 फरवरी, 2022 को प्रातः 11 बजे, प्रशासन वर्ग के लिए एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में **"प्रशासन एवं शासन में आध्यात्मिकता"** विषय पर चर्चा की गयी।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि प्रशासनिक क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों का समाधान आध्यात्मिकता के द्वारा किया जाए। साथ ही प्रशासन एवं शासन वर्ग को अपने क्षेत्र में आध्यात्मिक एवं मानवीय मूल्यों को अधिक से अधिक ध्यान देने पर ज़ोर दिया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारीज़ के प्रशासनिक सेवा विभाग की चेयरपर्सन राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी (निदेशिका, ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुरुग्राम ) ने कहा कि प्रशासन एवं शासन वर्ग देश के आधार के रूप में कार्य करता है, जिन्हे सभी मुख्य निर्णय लेने की बड़ी ज़िम्मेदारी निभानी होती है। इसके लिए यदि स्वयं में हम आध्यात्मिक पहलू को जागृत करें तो इस ज़िम्मेदारी को निभाना बहुत ही आसान हो जाता है। जयपुर म्यूजियम सब-ज़ोन की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुषमा दीदी ने आध्यात्मिकता को कार्यशैली में लाने के गुर बताने के साथ ही मैडिटेशन के द्वारा सभी को अनुभूति भी करवाई। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक क्षेत्र की कई हस्तियों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा विषय को कार्यशैली में लाने का प्रयास करने की बात कही। इस वेबिनार में श्री जे. सी. मोहंती (आईएएस) ने अपने कार्यकाल के दौरान के अनुभव साझा किये और आध्यात्मिक और मानवीय मूल्यों के द्वारा चुनौतियों के समाधान पर प्रकाश डाला। श्रीमती मंजू राजपाल (आईएएस) ने अपने क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आज प्रशानिक वर्ग को इस तरह के समाधानों की आवश्यकता है। इस चर्चा में प्रशासनिक क्षेत्र से अधिकारी संगीता सक्सेना जी (आर ए एस), अशोक जेठवा जी (सहायक आयुक्त, जीएसटी जयपुर) सहित कई हस्तियों ने अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी वैशाली नगर सेवाकेंद्र की निदेशिका ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी ने किया।

आज़ादी के अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत पूरे वर्ष सभी वर्गों के लिए ऐसे कार्यक्रम करने की परियोजना बनायीं गयी है, जिसमे हर वर्ग में सकारात्मक बदलाव लाये जा सकें और देश को नए स्वर्णिम पथ पर हम अग्रसर कर सकें।

Bk Chandrakala

(बी के चन्द्रकला बहन )
वैशाली नगर सेवाकेंद्र संचालिका
6350541945